प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
एस0जी0पी0जी0आई0,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 09 अप्रैल, 2019

विषय- एस0जी0पी0जी0आई0 के एपेक्स ट्रामा सेन्टर को अतिशीघ्र संचालित किये जाने हेतु पूर्व से सृजित जूनियर/सीनियर रेजीडेण्ट के पदों को समकक्षीय पदों में परिवर्तित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-109/2018/1751271-2-2018-पी-36/2013, दिनांक 11 जुलाई 2018, जिसके द्वारा ट्रामा सेन्टर हेतु पूर्व से सृजित जूनियर/सीनियर रेजीडेण्ट के पदों को समकक्षीय पदों में परिवर्तित किये गये हैं, के क्रम में अपने पत्रांक-पी0जी0आई0/चि0अ0/आर0एस0डी0/7148/18/259/ 2019, दिनांक 21-1-2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश संख्या-109/2018/1751271-2-2018-पी-36/2013, दिनांक 11 जुलाई 2018 द्वारा सीनियर रेजीडेण्ट के परिवर्तित स्पेशियलिस्ट ग्रेड-3 (वेतनमान रू0 15600-39100, ग्रेड पे रू0 6600) के पद को स्पेशियलिस्ट ग्रेड-2 (वेतनमान रू0 15600-39100, ग्रेड पे रू0 6600) में पुनः परिवर्तित किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उक्त शासनादेश दिनांक 11 जुलाई 2018 इस सीमा तक संशोधित समझा जाये तथा शेष शर्ते एवं प्रतिबन्ध यथावत् रहेंगी।

भवदीय,
(मुकेश कुमार मेश्राम)
सचिव।

संख्या-37/2019/203(1)/71-2-19-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. कोषाधिकारी, लखनऊ।
4. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त अधिकारी, एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
7. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
8. प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से
(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
उप सचिव

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in